—प्रेस नोट—

जनपद मीरजापुर ।

दिनांक-25.04.2021

आजीवन कारावास की सजा से दण्डित, फरार चल रहा अभियुक्त थाना चील्ह पुलिस द्वारा अवैध तमंचा एवं अपमिश्रित शराब के साथ गिरफ्तार—

आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को सकुशल शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना चील्ह पुलिस द्वारा आजीवन कारावास की सजा से दण्डित, फरार चल रहे अभियुक्त को अवैध तमंचा व अपमिश्रित शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । दिनांक 24/25.04.2021 की रात्रि उ0नि0 अशोक कुमार सिंह चौकी प्रभारी चेतगंज मय हमराह त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए क्षेत्र की देखभाल व गश्त/चेकिंग में मामूर थे कि मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति अपने पक्ष के प्रत्याशी को मत देने के लिए ग्राम सेमरा में अपमिश्रित देशी शराब बांटने जा रहा है । उक्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर ग्राम सेमरा के मंझरा मोड़ के पास से व्यक्ति को हिरासत मे लिया गया । जिससे नाम पता पूछने पर अपना नाम धंधाडे सिंह पुत्र पारसनाथ सिंह निवासी सेमरा थाना चील्ह मीरजापुर बताया गया । जिसकी जामातलाशी में कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय एक अदद जिन्दा कारतूस तथा प्लास्टिक की बोरी से 63 शीशी अवैध अपमिश्रित देशी शराब बरामद हुई । उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चील्ह पर आर्म्स एक्ट, आबकारी अधिनियम एवं भादवि की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर, अभियुक्त को मा0न्यायालय/जेल भेजा गया ।

गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध वर्ष 1991 थाना स्थानीय पर हत्या का अभियोग, भादवि की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत था । जिसमें मा0न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास की सजा से दण्डित किया गया था । अभियुक्त धंधाड़े सिंह कई वर्षो से फरार चल रहा था ।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त—

1—धंधाडे सिंह पुत्र पारस सिंह निवासी सेमरा थाना चील्ह मीरजापुर ।

गिरफ्तारी का स्थान,दिनांक व समय—

ग्राम सेमरा के मझरा मोड़ के पास से, दिनांक 25.04.2021 को समय 01.30 बजे ।

विवरण बरामदगी—

1— 63 शीशी अवैध अपमिश्रित देशी शराब ।

2— एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस ।

गिरफ्तारी एवं बरामदगी करने वाली पुलिस टीम—

1- उ0नि0 अशोक कुमार सिंह चौकी प्रभारी चेतगंज थाना चील्ह मीरजापुर ।

2- का0 दीपक कुमार चौकी चेतगंज थाना चील्ह मीरजापुर ।

3- का0 अगम सिंह चौकी चेतगंज थाना चील्ह मीरजापुर ।

4- का0 शिवम गुप्ता चौकी चेतगंज थाना चील्ह मीरजापुर ।